लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 189

24 नवम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

हुदहुद तूफान से नुकसान

189. श्री सुमेधानन्द सरस्वतीः

श्री एम राजामोहन रेड्डीः

श्री टी जी वेंकटेश बाबूः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही के तूफान हुदहुद के कारण हुए नुकसान की वजह से आंध्र प्रदेश में कुछ इस्पात संयंत्रों को बंद कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके परिणामस्वरूप अनुमानित हानि कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने बंद संयंत्रों को शुरू करने के लिए कोई कदम उठाए है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री — **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): जी हॉं। दिनांक 12 अक्तूबर, 2014 को तूफान हुदहुद के कारण विद्युत आपूर्ति फेल होने की वजह से विशाखापट्टणम इस्पात संयंत्र में प्रचालन कार्य बन्द कर दिया गया था। सम्पत्ति के भौतिक नुकसान, उत्पादन हानि और लाभों की परिणामी हानि का प्रारम्भिक अनुमान लगभग 350 करोड़ रूपए है। तथापि, सम्पत्ति के नुकसान के लिए अनंतिम दावा बीमा कंपनी को प्रस्तुत कर दिया गया था और लाभों में नुकसान के लिए दावे का आंकलन किया जा रहा है।

(ग) और (घ) : विशाखापट्टणम इस्पात संयंत्र में विद्युत आपूर्ति को पुनः बहाल करने के लिए आन्ध्र प्रदेश सरकार के साथ मामला उठाया गया था और 16 अक्तूबर, 2014 के शुरूआती घंटों में विद्युत आपूर्ति को पुनः बहाल कर दिया गया था। संयंत्र में यूनिटों के पुनरुद्धार की प्रगति को इस्पात मंत्रालय द्वारा मॉनिटर किया जा रहा है। सभी यूनिटों को चरणबद्ध तरीके में वापस प्रचालन में ला दिया गया है।

******